प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान के साथ हो रहा है सम्पन्न : 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को बताया– राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक।
3. प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा महाशिवरात्रि का पर्व : जलाभिषेक के लिए काशी विश्वनाथ धाम में 6 लाख से अधिक भक्त पहुचे। और
4. सीबीएसई दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की बना रहा योजना : सीबीएसई की वेबसाइट पर मसौदा नीति अपलोड।

————————

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न हो रहा है। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयागराज में सवेरे से ही त्रिवेणी संगम और अन्य घाटों में आस्था की डुबकी लगा रहे ह। महाकुंभ में अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से....

*त्रिवेणी संगम तट पर चल रहे महाकुंभ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर देश विदेश से आए श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही त्रिवेणी संगम*

*में डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। प्रमुख स्नान पर्व के चलते संपूर्ण कुंभ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए। इस मौके पर देश के कोने कोने से संगम तट पर पहुंचे श्रद्धालुओं के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। महाशिवरात्रि के स्नान के साथ 45 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन का समापन हो गया जिसमें 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार महाकुंभनगर प्रयागराज।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षनाथ मंदिर में स्थापित कंट्रोल रूम से महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के व्यवस्थाओं की मानीटरिंग की। बाद में मीडिया से बातचीत के दौरान महाकुंभ का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है। बाइट.....

*13 जनवरी से प्रारम्भ हुआ महाकुंभ प्रयागराज आज पूर्ण अहूति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की हम त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा करके राष्ट्रीय एकात्मता का एक नया संदेश पूरे देशवासियों को दे रहे है। प्रयागराज में आये हुए हम सभी श्रद्धालुजनों को मैं आज के इस पावन महा स्नान पर हृदय से उनका अभिनन्दन करता हूं। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां पर श्रीरामजन्म भूमि पर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर रहा है।*

इस आयोजन को सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, होमगार्ड और पुलिस दल, घाटों पर नजर बनाये हुए हैं। मेला क्षेत्र की हवाई निगरानी भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साढे चार हजार बसें भी चलाई जा रही हैं। वहीं रेलवे

प्रयागराज से साढ़े तीन सौ रेलगाड़ियां और चला रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार सम्पूर्ण रेल परिचालन की निगरानी कर रहे हैं।

————————

प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने हमेशा लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। श्री सहगल ने कहा कि आकाशवाणी लोक प्रसारक के रूप में अपने दायित्वों को गंभीरता से लेता ह। महाकुंभ के आखिरी दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया। बाइट.....

*इस विशेष चैनल कुंभवाणी ने 48 दिनों की एक छोटी सी यात्रा के दौरान बहुत लोगों को छुआ है। आकाशवाणी सभी से जुड़ा रहा है। आम आदमी से लेकर हमारे जो वहां महात्म्–गण थे हमारे जो वहां अखाड़े आए हमारे यहां वहां जो संतजन आये हैं, उन सबसे आकाशवाणी जुड़ा रहा है। भारतीय संस्कृखति को जन–जन पहुंचने में आकाशवाणी की एक प्रमुख भूमिका रही है।*

आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालोवाल गौड़ ने कुंभवाणी की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि कुंभवाणी कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में सफल रही है। बाइट.....

*इस ऐतिहासिक आयोजन में यह हमारा एक छोटा सा प्रयास था। जिसे आप लोगों के स्नेह ने हम सबके लिए अविश्वसनीय बना दिया। आकाशवाणी की कुंभवाणी टीम को विशेष साधुवाद जिन्होंने पूरी निष्ठा और पूरी तनमयता*

*से अपने घर से दूर रहते हुए कुंभवाणी के श्रोताओं को ही अपना परिवार माना और पूर्ण सफलता से कुंभवाणी के प्रसारण को एक नई ऊंचाई दी।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यभर में सभी शिव मंदिरों में तड़के से ही देवाधि देव–भगवान शिव के जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। महाकुंभ की वजह से इस बार काशी में महाशिवरात्रि पर विगत वर्षों की तुलना में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखी जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक के लिये पहुंचे हैं। वहीं आज मंगला आरती के बाद दर्शन के लिये कपाट खोल दिये गये। पेश है एक रिपोर्ट......**

*महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में स्नानार्थी गंगा घाटों पर स्नान करने पहुंचे हैं तथा घाट से लगायत मंदिर परिक्षेत्र तक श्रद्धालओं की भारी संख्या*

*उपस्थित है। मंदिर प्रशासन तथा अधिकारियों द्वारा अखाड़ों तथा नागा साधुओं के काशी विश्वनाथ मन्दिर पहुँचने पर ढ़ोल–नगाड़े बजाकर पूरे हर्षोल्लास से पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं के ऊपर हेलिकाप्टर से लगातार पुष्प वर्षा की जाती रही। श्री काशी विश्वनाथ धाम व आस–पास के क्षेत्रों को 6 जोन व 18 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबन्धन हेतु सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ आज सुबह गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ में शिव उपासना का अनुष्ठान पूरा किया। इस दौरान श्री योगी ने लोक मंगल और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना भी की।

उधर, बाराबंकी के महादेवा स्थित लोधेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....

*प्राचीन श्री लोधेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों की भीड का नज़ारा देखते ही बन रहा है, विशेषकर राज्य के पश्चिमी जिलों से लाखों की संख्या में कांवड़ियों के जत्थे जलाभिषेक कर मनोकामना पूर्ण की प्रार्थना कर रहे हैं। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा की गई श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। पिछले कई वर्षों में कभी श्रद्धालुओं की ऐसी भीड़ देखने को नहीं मिली। पाँच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने से ज़िलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुँच कर व्यवस्था का जायज़ा ले रहे हैं। जिले के अन्य शिवालयों में भी भक्तों का तांता लगा हुआ है। परवेज अहमद, आकाशवाणी समाचार, बाराबंकी।*

मिर्जापुर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विन्ध्यवासिनो देवी मंदिर, बलरामपुर जिला मुख्यालय के झारखंडी मंदिर और

श्रावस्ती में भारत–नेपाल सीमा के करीब सिरसिया में स्थित विभूतिनाथ मंदिर में लाखों भक्त जलाभिषेक कर रहे है।

————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद–सीबीएसई दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की योजना बना रहा है। सीबीएसई ने इस संबंध में एक मसौदा नीति तैयार कर अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों सहित तमाम हितधारकों से इस पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर संयम भारद्वाज ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्रालय में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें दसवीं कक्षा में वर्ष दो हजार छब्बीस से दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर चर्चा की गई और इस संबंध मे मसौदा नीति को मंजूरी दी गइ। यह फैसला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई सिफारिश के आधार पर लिया गया है।

————————

प्रतापगढ़ जिले में एक सड़क दुर्घटना में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिये जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। यह हादसा प्रयागराज–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर एक घर से टकरा गई। यह सभी

श्रद्धालु झारखंड और बिहार के रहने वाले थे और अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन करने के बाद गंगा स्नान के लिये महाकुंभ जा रहे थे।

————————

राज्य के पश्चिमी इलाकों में कई जगहों पर आगामी दो दिनों के दौरान गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और कहीं–कहीं बारिश होने का अनुमान है। वहीं पूर्वी जिलों में कल मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, हालांकि 28 फरवरी को कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और हल्की बारिश की संभावना है, साथ ही दो मार्च तक देर रात और सुबह के समय पूर्वांचल के कई जिलों में हल्के कोहरे की संभावना जताई गई है।

————————

लखनऊ गोल्फ़ लीग में लीजेंड्स ने फाइनल में जगह बना ली ह। लीजेंड्स का मुकाबला आज पिछली बार के चंपियन स्पीड चार्जर्स से हुआ। स्पीड चार्जर्स के कप्तान अजय चौहान और राजेश नारायण ने 3 गेम बाकी रहते 2–2 की बढ़त गंवा दी और मैच बराबरी पर खत्म हुआ, लेकिन लीजेंड्स के कप्तान ज़ोहेब और संजय सिन्हा ने अपनी टीम को 3 और 2 से जीत दिलाकर बढ़त दिलाई।

(समाप्त)